| | | |
|---|---|---|
| | | II. For corresponding SGPI - SGPI X 10<br>III. For corresponding CGPI - CGPI X 10<br>IV. For corresponding DGPI - DGPI X 10 |
| 25 | **Withdrawal of Degree / Diploma /Certification** | Consequent upon being convinced, following an enquiry, the Senate may resolve to withdraw the Degree /Diploma any other certification provided by the Institute. The aggrieved may however prefer for a review of such decision by the Senate, citing cogent reasons for review or go in for an appeal to the, Board of Governors of the Institute. |
| 26 | **Power to remove the difficulties** | For the matter(s) NOT covered herein above or for unforeseen circumstances, but arising during the course of the implementation of the above ordinance, the Chairman Senate shall be authorised to remove the difficulties and decide the matters. The same shall be reported in the next meeting of the Senate. |

[F. No. 52-2/2017–TS.I]

SUKHBIR SINGH SANDHU, Addl. Secy. (TE)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 23 अक्तूबर, 2019

**का. आ. 3815(अ).**—भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) अधिनियम, 2017 (2017 का 23), की धारा 34 (1) (2) और (3) के साथ पठित धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, शासी बोर्ड के अनुमोदन से सीनेट, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, ऊना के निम्नलिखित अध्यादेश बनाती है।

## विषय-वस्तु

अध्यादेश ..... 176

विनियम ..... 176

आर.1 कार्यक्रम की अवधि 176

आर.2 प्रवेश 177

आर.3 फीस का ढांचा 177

आर.4 कार्यक्रम का ढांचा 177

आर.5 पाठ्यक्रम योजना 178

आर.6 संकाय परामर्शदाता 178

आर.7 कक्षा समिति 178

आर.8 नामांकन और पंजीकरण 179

आर.9 पाठ्यक्रम जोड़ना/ड्रॉप करना 179

आर.10 कार्यक्रम की न्यूनतम और अधिकतम अवधि 179

आर.11 साख पंजीकरण में लोचशीलता 179

आर.12 अध्ययन से अस्थायी अवकाश 180

आर.13 अनुशासन 180

आर.14 उपस्थिति 180

आर.15 मूल्यांकन की प्रक्रिया 181

आर.16 ग्रेडिंग प्रणाली 181

आर.17 निष्पादन विश्लेषण समिति 182

आर.18 मूल्यांकन में पारदर्शिता 182

आर.19 अनुपस्थिति का मूल्यांकन 182

आर.20 ग्रेड कार्ड 183

आर.21 परियोजना कार्य 183

आर.22 इंटर्नशिप 184

आर.23 छात्रवृत्तियां 184

आर.24 डिग्री प्रदान करने की पात्रता 184

आर.25 बी.टेक (ऑनर्स)डिग्री प्रदान करने की पात्रता 184

आर.26 संशोधन करने का अधिकार 185

आर.27 कानूनी चुनौती 185

## अध्यादेश और विनियम

1. **बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक.)**
2. **बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (ऑनर्स) (बी.टेक. (ऑनर्स))**

### अध्यादेश

ओ.1 प्रत्येक शैक्षणिक सत्र दो नियमित सेमेस्टर और दो अवकाश सेमेस्टर (शरद एवं ग्रीष्म) में बंटा होता है और शैक्षणिक गतिविधियों की सीनेट द्वारा अनुमोदित अनुसूची का पालन करता है।

ओ.2 बी.टेक. डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश केंद्रीय सीट आवंटन बोर्ड (सीएसएबी) और संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जेओएसएए) के माध्यम से संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मेन्स) (जेईई (मेन्स)) के अर्हक अभ्यर्थियों से दिया जाएगा।

ओ.3 अध्ययन के विशिष्ट शाखा का प्रवेश का निर्णय संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जेओएसएए) द्वारा लिया जाएगा।

ओ.4 बी.टेक./बी.टेक. (ऑनर्स) कार्यक्रम की अवधि न्यूनतम 8 सेमेस्टर और अधिकतम 12 सेमेस्टर की होगी।

ओ.5 छात्र समय-समय पर सीनेट द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन बी.टेक. कार्यक्रम के 4 सेमेस्टर के अंत में बी.टेक. (ऑनर्स) चुन सकते है।

ओ.6 बी.टेक./बी.टेक. (ऑनर्स) डिग्री सीनेट द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम के विनियमों के अनुसार दी जाएगी।

### विनियम

**आर.1 कार्यक्रम की अवधि**

आर.1.1 बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी डिग्री कार्यक्रम की अवधि चार शैक्षणिक वर्ष की होगी। प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष लगभग बारह सप्ताह की अवधि के दो नियमित सेमेस्टरः एक विषम सेमेस्टर (सामान्यतः मध्य जुलाई-नवंबर) और एक सम सेमेस्टर (सामान्यतः जनवरी-मध्य मई) में बांटा जाता है। इसके अतिरिक्त, शरद में लगभग 4 सप्ताह और ग्रीष्म में 8 सप्ताह की अवधि के दो अवकाश अवधियां (शरद एवं ग्रीष्म) होते हैं।

आर.1.2 सीनेट द्वारा पंजीकरण, परीक्षाओं की तारीख, सेमेस्टर अवकाश इत्यादि सहित किसी सत्र के लिए शैक्षणिक गतिविधियों की अनुमोदित अनुसूची प्रत्येक सेमेस्टर के शैक्षणिक कैलेंडर में दी जाएगी।

आर.1.3 बी.टेक. कार्यक्रम की अधिकतम अवधि छः वर्ष है।

**आर.2 प्रवेश**

आर.2.1 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में प्रवेश समय-समय पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय (मा. सं. वि. मं.), भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों द्वारा दिया जाएगा। सीटें अनुसूचित जातियों (अ.जा.), अनुसूचित जनजातियों (अ.ज.), अन्य पिछड़े वर्गों (अ.पि.व.), निशक्त व्यक्तियों (नि.व्य.), आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईडब्ल्यूएस) और समय-समय पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षित होती हैं।

आर.2.2 बी.टेक. कार्यक्रम में प्रवेश मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-मेन्स) में संगत प्रदर्शन के आधार पर प्रथम-वर्ष स्तर पर प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के विषम सेमेस्टर में दिया जाएगा। संयुक्त सीट आबंटन प्राधिकरण (जेओएसएए) की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त सीट आवंटन का प्रबंधन करने और उनके विनियमन के लिए की गई थी। इसमें 23- भा.प्रौ.सं., 31- रा.प्रौ.सं., 23- भा.सू.प्रौ.सं. और 23-अन्य सरकार द्वारा वित्त-पोषित तकनीकी संस्थाएं (अन्य-के.वि.पो.सं.) शामिल है। जेईई (मेन्स) में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी भा.सू.प्रौ.सं. में सीटों के आवंटन हेतु पंजीकरण के पात्र होते हैं।

आर.2.3 यदि प्रवेश के पश्चात् किसी भी समय यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने प्रवेश के प्रस्ताव में निर्धारित सभी आश्यकताओं को संभावित गलत सूचना इत्यादि सहित किसी भी प्रकार से पूरा नहीं किया है तो डीन-शैक्षिक मामले को अभ्यर्थी के प्रवेश को निरस्त करने की सिफारिश करते हुए सीनेट को सूचित करेगा।

आर.2.4 संस्थान छात्रों के प्रवेश को निरस्त करने और उन्हें अनुशासनहीनता अथवा किसी प्रकार के दुर्व्यवहार के आधार पर उनके कैरियर के किसी भी स्तर पर उनका अध्ययन समाप्त करने के लिए कह सकता है। अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से संस्थान की सूचना पुस्तिका अथवा पुस्तिका में निर्धारित प्रवेश के लिए अपेक्षित चिकित्सा मानकों को पूरा करना होगा।

**आर.3 फीस ढांचा**

आर.3.1 फीस ढांचे का निर्णय संस्थान के सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया जाएगा।

आर.3.2 फीस भुगतान विंडो

क) फीस का भुगतान अनिवार्य रूप से प्रत्येक सेमेस्टर में निम्नलिखित दो भुगतान विंडो में किया जाना अपेक्षित होगाः

| | | |
|---|---|---|
| 1 – 30, जून, | विषम सेमेस्टर | अंतिम तिथि : 30, जून |
| 1 – 31, दिसम्बर | सम सेमेस्टर | अंतिम तिथि : 31, दिसंबर |

ख) सभी छात्रों को अंतिम तिथि तक फीस का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

ग) बैंक ऋण की सुविधा का लाभ उठाने वाले छात्रों को भी फीस का भुगतान अंतिम तिथि तक करना अपेक्षित होगा।

**आर.4 कार्यक्रम का ढांचा**

आर.4.1 बी.टेक./बी.टेक. (ऑनर्स) कार्यक्रमों का ढांचा निम्नानुसार होगाः

- संस्थान की सामान्य आवश्यकता (जीआईआर)
- कार्यक्रम कोर (पीसी)
- कार्यक्रम वैकल्पिक (पीई)
- विषय वैकल्पिक (एसई)
- अनिवार्य प्रयोगशाला आवश्यकता (ईएलआर)
- प्रेक्टिकम (पीएम)
- इंटर्नशिप
- प्रोजेक्ट कार्य

आर.4.2 ऊपर उल्लिखित घटक प्रत्येक के लिए पाठ्यक्रमों और साख की संख्या का निर्णय संस्थान की सीनेट द्वारा लिया जाएगा।

**आर.5 पाठ्यक्रम योजना**

आर.5.1 पाठ्यक्रम योजना (जीआईआर, पीसी, पीई, एसई, पीएम और ईएलआर) में पाठ्यक्रम के सिंहावलोकन, पाठ्यक्रम के उद्देश्यों, पाठ्यक्रम के परिणामों, पाठ्यक्रम शिक्षण एवं अधिगम गतिविधियों, पाठ्यक्रम मूल्यांकन पद्धति और छूट मूल्यांकन संबंधित नीति के विवरण होंगे।

आर.5.2 प्रत्येक पाठ्यक्रम में टेलर-मेड मूल्यांकन मॉडल अर्थात् सामूहिक वार्ताएं, असाइनमेंट, फील्ड दौरे से संबंधित रिपोर्ट, प्रश्न मंच, खुली पुस्तिका परीक्षाएं, प्रयोगशाला अभ्यास, मिनी-परियोजना तथा सेमेस्टर के अंत में सारांशित असेसमेंट होगा।

आर.5.3 पाठ्यक्रम के मूल्यांकन पाठ्यक्रम का परिणाम प्राप्त करने के लिए तैयार किए जाते हैं।पाठ्यक्रम की योजना में अध्ययन सामग्रियों के संबंध में सूचना के विवरण भी शामिल होंगे।

आर.5.4 किसी पाठ्यक्रम के लिए मूल्यांकन की संख्या पाठ्यक्रम दर पाठ्यक्रम चार से छः की श्रेणी में होगी।

आर.5.5. जो छात्र सही/आकस्मिक कारण से मूल्यांकन नहीं करवा पाएं हैं, केवल उन्हें अनुपस्थित मूल्यांकन अनूसूची के अनुसार एक छूट मूल्यांकन दिया जा सकता है।

आर.5.6 पाठ्यक्रम की योजना कक्षा समिति (सीसी) के अध्यक्ष और विभाग प्रमुख द्वारा अनुमोदित की जाएगी। सीसी और विभाग प्रमुख द्वारा अनुमोदित एक प्रति शैक्षिक अधिकारी को भेजी जएगी।

आर.5.7 संस्थान द्वारा प्रदत्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम की योजनाएं संकाय सदस्यों और छात्रों के संदर्भ के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी।

**आर.6 संकाय परामर्शदाता**

आर.6.1 विभाग प्रमुख पहले वर्ष में कुछ छात्रों को एक संकाय सदस्य, संकाय परामर्शदाता (सं.प.) देगा।

आर.6.2 इस प्रकार छात्र कार्यक्रम पूरा करने तक उस सं.प. के दिशा-निर्देश के अंतर्गत कार्य करना जारी रखेंगे।

आर.6.3 सं.प. की एक सेमेस्टर में न्यूनतम 2-3 बैठकें होंगी और वह शैक्षिक कार्यक्रम अथवा किसी अन्य गतिविधि के संबंध में सामान्य सलाह देगा।

आर. 6.4 सं.प. छात्र मूल्यांकन रिकार्ड (स्टार) बनाए रखेगा।

**आर.7 कक्षा समिति (सीसी)**

**आर.7.1 सीसी का गठन**

**प्रत्येक कक्षा के लिए, विभाग प्रमुख द्वारा एक कक्षा समिति का गठन किया जाएगा, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:**

| | |
|---|---|
| **अध्यक्ष** | एक संकाय सदस्य जो उस कक्षा को नहीं पढ़ा रहा हो |
| **सदस्य** | 1. अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों के संकाय<br>2. विभाग प्रमुख द्वारा नामित किए जाने वाले कक्षा के चार छात्र |

**आर. 7.2 कक्षा समिति के कार्य**

क) कक्षा समिति की सेमेस्टर के दौरान तीन बैठकें होंगी। पहली बैठक उस सेमेस्टर के आरंभ होने की तारीख से एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाएगी जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए बोर्ड मूल्यांकन प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

ख) सीसी की पहली बैठक के दौरान सभी संकाय सदस्य अनुमोदन के लिए तथा वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए अध्यक्ष (सीसी) को अपने पाठ्यक्रम प्लान प्रस्तुत करेंगे।

ग) दूसरी और तीसरी बैठकें अर्थपूर्ण संपर्क, विचारों की अभिव्यक्ति और प्रतिपुष्टि के लिए सेमेस्टर के आरंभ होने से क्रमशः छः सप्ताह और दस सप्ताह के पश्चात् आयोजित की जाएंगी। यह शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया की प्रभाविता में सुधार करने के लिए सुझाव आमंत्रित करेगी और मूल्यांकन में छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगी।

घ) सीसी के अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से विभाग प्रमुख के माध्यम से डीन (शैक्षिक) को सीसी की बैठकों के कार्यवृत्त भेजने चाहिए।

ङ) सीसी/ विभाग प्रमुख द्वारा पाठ्यक्रम योजना में किसी असहमत नवाचार को अनुमोदनार्थ सीनेट के अध्यक्ष को भेजा जाएगा।

**आर.8 नामांकन और पंजीकरण**

आर.8.1 पहले वर्ष के पहले सेमेस्टर को छोड़कर प्रत्येक सेमेस्टर का पहला कार्य दिवस पंजीकरण दिवस होगा। छात्र संस्थान को दी गई फीस की प्राप्ति के साक्ष्य के साथ सेमेस्टर के दौरान लिए गए पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करवाएंगे।

आर.8.2 कोई छात्र नामांकन के लिए केवल तब पात्र होगा यदि उस छात्र ने संस्थान, छात्रावास, पुस्तकालय इत्यादि की सभी देनदारियां पिछले सेमेस्टर के अंत तक पूरी कर दी हों बशर्ते कि छात्र को संस्थान की अनुशासनात्मक समिति (आईडीसी) द्वारा नामांकन से बाधित न किया गया हो।

आर.8.3 छात्र से पाठ्यचर्या में यथानिर्धारित पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करवाने की आशा की जाती है।

**आर.9 पाठ्यक्रम जोड़ना/ड्रॉप करना**

यदि कोई छात्र पूर्व-पंजीकृत पाठ्यक्रमों में संशोधन करना चाहता है तो वह छात्र संकाय परामर्शदाता और संबंधित पाठ्यक्रम के अनुदेशक के अनुमोदन के साथ शैक्षिक कैलेंडर में उल्लिखित पाठ्यक्रम जोड़ने अथवा ड्रॉप करने की समय-सीमा के भीतर सेमेस्टर के आरंभ होने के पश्चात् पाठ्यक्रम जोड़ अथवा ड्रॉप कर सकता है। तथापि, छात्र को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी सेमेस्टर में पंजीकृत सखो की कुल संख्या न्यूनतम साख आवश्यकताओं की संख्या को प्राप्त करने में उसे समर्थ बनाती हो।

**आर.10 कार्यक्रम की न्यूनतम और अधिकतम अवधि**

बी.टेक. और बी.टेक. (ऑनर्स) कार्यक्रम के लिए न्यूनतम अवधि आठ सेमेस्टर हैं। तथापि, छात्र धीमी गति से कार्यक्रम को पूरा कर सकता है परंतु किसी भी स्थिति में आर.12 के अनुसार चिकित्सा आधार पर सेमेस्टर से नाम वापस लेने की स्थिति को छोड़कर अध्ययन की अधिकतम अवधि से यह अवधि अधिक नहीं होगी।

**आर.11** साख **पंजीकरण में लोचशीलता**

छात्रों द्वारा यह सुविधा स्वैच्छिक आधार पर ली जा सकती है। पाठ्यचर्या में छात्रों के लिए किसी भी सेमेस्टर में कम संख्या में कार्यक्रम वैकल्पिक /निर्धारित विषय वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण करवाने की गुंजाइश होती है। सभी निर्धारित पाठ्यक्रम अध्ययन कार्यक्रम की अधिकतम अवधि के भीतर पूरे किए जाने चाहिए।

**आर.12 अध्ययन से अस्थायी अवकाश**

आर.12.1 डीन (शैक्षिक) द्वारा विभाग प्रमुख की सिफारिश पर उचित कारण से किसी सेमेस्टर से कार्यक्रम से नाम वापस लेने की अनुमति दी जा सकती है। अपवादिक मामलों में कार्यवाही सीनेट द्वारा की जाएगी। पुनः प्रवेश पर ऐसे छात्रों के लिए निम्नलिखित लागू होंगेः

क) ऐसे छात्र जिसे अध्ययन बंद करने की अनुमति दी गई हो वह उक्त सेमेस्टर के सामान्य आरंभ होने के समय केवल नियमित छात्रों के साथ ही उचित सेमेस्टर के लिए उन्हें पुनः प्रवेश कर सकता है।

ख) ऐसे छात्र जो अध्ययन बंद कर देते हैं और पुनः प्रवेश करते हैं, वे पाठ्यक्रम में उन्हें प्रवेश के समय लागू नियमों, विनियमों, अध्ययन पाठ्यक्रम और पाठ्यक्रमों द्वारा अभिशासित होंगे।

**आर.13 अनुशासन**

आर.13.1 प्रत्येक छात्र को कैंपस के भीतर और बाहर दोनों में अनुशासन और अच्छे व्यवहार का अनुपालन करने की आवश्यकता होती है और उसे ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए जो संस्थान के सम्मान को क्षति पहुंचाए।

आर.13.2 परीक्षा हॉल में सामान्य आचरण

क) छात्रों को परीक्षा हॉल/प्रयोगशालाओं में पाठ्यक्रम के संकाय सदस्यों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए। छात्रों द्वारा शैक्षिक बेईमानी को हतोत्साहित करने की संस्थान की नीति निम्नानुसार हैः

ख) किसी भी प्रकार की बेईमानी को तत्काल विभागीय अनुशासन समिति (डीडीसी) को सूचित किया जाएगा और इस समिति की सिफारिश अंतिम होगी तथा छात्र के लिए बाध्यकारी होंगी।

ग) संस्थान की अनुशासन समिति (आईडीसी) का संकाय सदस्य, डीन (शैक्षिक), अध्यक्ष (पीएसी) और विभाग प्रमुख के साथ गठन किया जाएगा। आईडीसी अनुशासनहीनता के तथ्यों की जांच करेगी और अनुशासनहीनता के स्तर के साथ दंडात्मक कार्रवाई का सुझाव देगी।

आर.13.3 शैक्षिक अपीलीय समिति (एएसी)

इस समिति का गठन संस्थान के विभिन्न स्वायत्त अवर स्नातक कार्यक्रमों के सुगम संचालन के लिए किया जाता है और इसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल होते हैं:

| | |
|---|---|
| डीन (शैक्षिक) | संयोजक |
| डीन (छात्र) | सदस्य |
| संबंधित विभाग प्रमुख/समन्वयक | सदस्य |

यह समिति आईडीसी के कार्यक्षेत्र से इतर पाठ्यक्रम योजना, शैक्षणिक इत्यादि से संबंधित सभी मुद्दों को देखेगी। समिति की बैठक सीनेट के अध्यक्ष द्वारा जब भी आवश्यक समझा जाए और सुधारात्मक अथवा दंडात्मक कार्रवाई के लिए सिफारिश की गई हो, के अनुसार होगी।

आर.13.4 किसी भी प्रकार की रैगिंग हमारे देश में गैर-जमानती अपराध है। वर्तमान राज्य एवं केंद्रीय विधान द्वारा कारागार सहित इसके लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। एक बार किसी छात्र के रैगिंग में संलिप्त होना सिद्ध हो जाता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**आर.14 उपस्थिति**

आर.14.1 75 प्रतिशत उपस्थिति (चिकित्सा/खेल/संस्थान के प्रतिनिधित्व इत्यादि के मामले में) अनिवार्य हैं। हालांकि सभी पाठ्यक्रमों के लिए 100 प्रतिशत उपस्थिति को प्रोत्साहित किया जाता है।

आर.14.2 ग्रेड कार्ड में उपस्थिति लेटर ग्रेड हो सकते है।

| **प्रतिशत श्रेणी** | **ग्रेड** |
|---|---|
| 95-100% | अच्छा |

| | |
|---|---|
| 81-94% | मध्यम |
| 75-80% | संतोषजनक |

**आर.15 मूल्यांकन की प्रक्रिया**

प्रत्येक पाठ्यक्रम का मूल्यांकन उक्त पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले संकाय सदस्य द्वारा तैयार की गई पाठ्यक्रम योजना के अनुसार किया जाएगा। मूल्यांकन महत्व का निर्णय संकाय सदस्य द्वारा लिया जाएगा और यह निम्नानुसार होता है:

| क्र.सं. | मूल्यांकन पद्धति | अवधि | वेटेज |
|---|---|---|---|
| 1 | मूल्यांकन – I | 60 मिनट | 20% |
| 2 | मूल्यांकन –II | 60 मिनट | 20% |
| 3 | प्रोग्रामिंग/डेमोनस्ट्रेबल/प्रोबलम सोल्विंग असाइनमेंट | _ | 20% |
| 4 | अंतिम सेमेस्टर परीक्षा | 180 मिनट | 40% |

**आर.16 ग्रेडिंग प्रणाली**

आर.16.1 लेटर ग्रेड और संगत ग्रेड प्वाइंट निम्नानुसार हैं:

| लेटर | एस | ए | बी | सी | डी | ई | आई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्रेड प्वाइंट | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 0 |

आर.16.2 संस्थान ग्रेड के लिए अंकों की श्रेणी का निर्णय लेने हेतु शिक्षकों को दी गई लोचशीलता के साथ संगत ग्रेडिंग का अनुपालन करता है। किसी पाठ्यक्रम के लिए सभी मूल्यांकन अंकों के आधार पर किए जाएंगे।

आर.16.3 छात्रों को क्रमशः '10', '9', '8', '7', '6', '5', '0' के क्रेडिट प्वाइंट के साथ लेटर ग्रेड 'एस', 'ए', 'बी', 'सी', 'डी', 'ई' और 'आई' के किसी बैंड में रखा जाएगा।

आर.16.4 किसी पाठ्यक्रम को पूरा होने के लिए कट-ऑफ अंको को $\frac{\overline{X}}{2}$अथवा$\frac{X_{max}}{3}$, जो भी कम हो के रूप में लिया जाएगा जबकि$\overline{X}$कक्षा का मीन होगा और $X_{max}$कक्षा में प्राप्त किए गए अधिकतम अंक होंगे। कट-ऑफ अंक से अधिक अंक पाने वाले छात्रों को क्रमशः सर्वोच्च छः बैंड 10, 15, 25, 25, 15, 10 प्रतिशत में उपयुक्त रूप से रखा जाएगा। कट-ऑफ अंकों से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सबसे निचले बैंड ('आई') में रखा जाएगा।

आर.16.5 शिक्षक ग्रेड का निर्णय लेने के लिए निम्नलिखित किसी भी पद्धति को अपना सकते हैः (क) सामान्यीकृत कर्व, (ख) जेड़-अंक, और (ग) गैप थ्योरी।

आर.16.6 सामान्य रूप से 'एस' ग्रेड पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत तक प्रतिबंधित होता है। तथापि, ईएलआर और परियोजना कार्य के लिए इस सीमा से आगे अधिकतम ग्रेड पाने वाले छात्रों की संख्या का निर्णय पीएसी द्वारा लिया जाएगा।

आर.16.7 विषय के संकाय सदस्य द्वारा अपनाई गई ग्रेडिंग ढांचा पीएसी और तदंतर सीनेट की जांच के अधीन होगा।

आर.16.8 ग्रेडिंग से संबंधित किसी भी मुद्दें का निर्णय सीनेट के अध्यक्ष के परामर्श से डीन (शैक्षिक) द्वारा लिया जाएगा।

आर.16.9 निष्पादन विश्लेषण समिति (पीएसी) की सेमेस्टर में सभी परीक्षाएं पूरी होने के पश्चात् सात दिन के भीतर बैठक होगी। यह समिति पाठ्यक्रम के सभी मूल्यांकनों में छात्रों के संगत संचयी प्रदर्शन का विश्लेषण करेगी और पाठ्यक्रम के लेटर ग्रेड के लिए अंकों की श्रेणी को अंतिम रूप देगी।

आर.16.10 ऐसे छात्र जो किसी उचित कारण से किसी पाठ्यक्रम के अंतिम मूल्यांकन में भाग नहीं ले सके थे, उन्हें 'आई' ग्रेड दिया जाएगा। ऐसे छात्र अनुपूरक परीक्षा में भाग लेने के पात्र होंगे जो किसी सेमेस्टर के पंजीकरण से एक सप्ताह पहले आयोजित की जाएगी। मूल्यांकन की महत्व अंतिम मूल्यांकन जिसके लिए छात्र भाग नहीं ले सका था, के समान होगी। पाठ्यक्रम को पढ़ाने वाला संकाय सदस्य ही मूल्यांकन करेगा और छात्र को सभी पिछले मूल्यांकनों और ग्रेड की श्रेणी पर विचार करते हुए उचित ग्रेड ('एस' से 'आई' की श्रेणी में) प्रदान करेगा।

**आर.17 निष्पादन विश्लेषण समिति (पीएसी)**

आर.17.1 पीएसी में वही सदस्य शामिल होंगे जो कक्षा समिति में शामिल होते हैं परंतु इसमें विभाग प्रमुख भी शामिल होंगे और छात्र सदस्य शामिल नहीं होंगे। पीएसी की बैठक अध्ययन के सभी पाठ्यक्रमों में छात्रों के प्रदर्शन का विश्लेषण करने और प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए ग्रेड की श्रेणी को अंतिम रूप देने के लिए अंतिम मूल्यांकन के अंतिम दिन से सात दिन के भीतर आयोजित की जाएगी। ग्रेडों का विवरण विभाग प्रमुख के माध्यम से बैठक के तुरंत बाद डीन (शैक्षिक) को प्रेषित किया जाएगा। पीएसी को समेकित बुद्धिमता से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्लस्टरिंग/ग्रेडिंग के निर्णय उपयुक्त हैं।

आर.17.2 रजिस्टर में प्रविष्ट मूल्यांकन अंकों, ग्रेड और ग्रेड-श्रेणियों के साथ सभी पाठ्यक्रमों के उपस्थिति रजिस्टर विभाग प्रमुख के माध्यम से तुरंत डीन (शैक्षिक) को भी भेजे जाएंगे।

आर.17.3 डीन (शैक्षिक) ग्रेडों के विवरण (और उपस्थिति रजिस्टर) की निगरानी करेगा। यदि डीन (शैक्षिक) द्वारा किसी समस्या को हल नहीं किया जा सकता है तो अध्यक्ष (सीनेट) उस का निवारण करने के लिए प्राधिकृत है। परिणाम डीन (शैक्षिक) द्वारा घोषित किए जाएंगे।

**आर.18 मूल्यांकन में पारदर्शिता**

आर.18.1 छात्र मूल्यांकन की मूल्यांकित उत्तर पांडुलिपि की समीक्षा कर सकते हैं और संबंधित संकाय सदस्य द्वारा उनका पुनः योग/पुनः मूल्यांकन करवा सकते हैं।

आर.18.2 छात्रों द्वारा अगला सेमेस्टर पुनः आरंभ होने के पश्चात वरीयता रूप से दो सप्ताह के भीतर विशिष्ट अवधि के भीतर अंतिम सेमेस्टर मूल्यांकित उत्तर पाण्डुलिपि देखी जा सकती है और यदि आवश्यक हो तो संबंधित संकाय सदस्य द्वारा उनका पुनः योग करवाया जा सकता है। इससे ग्रेड परिवर्तित हो सकता है अथवा परिवर्तित नहीं हो सकता है।

आर.18.3 यदि अंतिम सेमेस्टर उत्तर पांडुलिपि के मूल्यांकन की उचित कारण से आवश्यकता होती है तो इसकी संस्थान के विभाग प्रमुख निदेशक द्वारा अनुमति दी जाएगी।

आर.18.4 तथापि, मूल्यांकन के कार्य के पुनः मूल्यांकन में कोई शिकायत होती है जिसे पाठ्यक्रम के प्रभारी संकाय सदस्य/विभाग प्रमुख द्वारा हल नहीं किया जा सका हो तो डीन (शैक्षिक) यह जांच करने के पश्चात् कि शिकायत उचित है, मामले को उपयुक्त सुधारात्मक उपायों के लिए सीनेट के अध्यक्ष को इसकी सिफारिश कर सकता है।

आर.18.5 पुनः योग/पुनः मूल्यांकन इत्यादि के परिणामस्वरूप ग्रेड में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो अध्यक्ष, सीनेट द्वारा उसकी अनुमति दी जाएगी।

**आर.18.6 मूल्यांकन सामग्री को रखना**

उत्तर पाण्डुलिपि (मूल्यांकन के सभी प्रकार) को शैक्षिक लेखापरीक्षा को सुगम बनाने के लिए न्यूनतम दो शैक्षिक वर्षों के लिए संकाय सदस्य के पास रखी जाएगी। इसके पश्चात्, संकाय सदस्य द्वारा इस सामग्री का निपटान/स्थायी रूप से हटा दिया जाए।

**आर.19 अनुपस्थिति का मूल्यांकन**

आर.19.1 यदि कोई छात्र किसी उचित कारण से किसी कक्षा मूल्यांकनों से अनुपस्थित रहता है तो उस छात्र का मूल्यांकन अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के एक सप्ताह के पश्चात किया जाएगा।

आर.19.2 मूल्यांकन में अनुपस्थित छात्र को संबंधित महत्व नहीं दी जाएगी।

आर.19.3 यदि छात्र अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे अपूर्ण 'आई' ग्रेड दिया जाएगा।

आर.19.4 प्रत्येक सेमेस्टर (पहले सेमेस्टर को छोड़कर) के आरंभ होने से पहले अपूर्ण ग्रेड 'आई' वाले छात्र अनुपूरक परीक्षा में बैठेंगे।

आर.19.5 **अनुपूरक परीक्षा का आयोजन**

'आई' ग्रेड वाले छात्र अनुपूरक परीक्षा के लिए पंजीकरण करवाएंगे। अनुपूरक परीक्षा किसी सेमेस्टर के पंजीकरण से एक सप्ताह पहले आयोजित की जाएगी। 'आई' ग्रेड को पूर्व के निरंतर मूल्यांकनों और ग्रेड की श्रेणी पर विचार करते हुए उपयुक्त ग्रेड में परिवर्तित किया जाना चाहिए।

**आर.20 ग्रेड कार्ड**

आर.20.1 परिणाम घोषित होने के पश्चात् प्रत्येक छात्र को ग्रेड कार्ड जारी किए जाएंगे जिनमें उपस्थिति ग्रेड, साख और उत्तीर्ण होने के वर्ष के साथ छात्र द्वारा प्राप्त ग्रेडों सहित उक्त सेमेस्टर के लिए पाठ्यक्रमों की सूची शामिल होंगी।

आर.20.2 सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट औसत (एसजीपीए) किसी पाठ्यक्रम के साख की संख्या के उत्पाद के जोड़ का अनुपात $(C_i)$और सभी पाठ्यक्रमों के लिए लिए गए उक्त पाठ्यक्रम में प्राप्त ग्रेड प्वाइंट $(GP_i)$ में उस सेमेस्टर में सभी पाठ्यक्रमों के साख की संख्या $(n)$ का जोड़ होगा;

$$\text{एसजीपीए} = \frac{\sum_1^n C_i \times GP_i}{\sum_1^n C_i}$$

जबकि $n$ उक्त सेमेस्टर में पाठ्यक्रमों की संख्या है।

आर. 20.3 प्रत्येक सेमेस्टर के लिए संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (सीजीपीए) का आकलन निम्नानुसार किया जाएगा:

$$\text{सीजीपीए} = \frac{\sum_1^N C_i \times GP_i}{\sum_1^N C_i}$$

जबकि$(C_i)$ साख हैं और $(GP_i)$इस सेमेस्टर तक सभी $N$पाठ्यक्रमों में छात्र द्वारा प्राप्त किए गए ग्रेड प्वाइंट है।

**आर.21 परियोजना कार्य (पीडब्ल्यू)**

आर.21.1 बी.टेक. कार्यक्रम के लिए परियोजना का मूल्यांकन एक परियोजना निगरानी समिति (पीएमसी) द्वारा किए जाएगा जिसमें विभाग प्रमुख अथवा नामिति (अध्यक्ष), परियोजना समन्वयक और परियोजना गाइड शामिल होंगे।

आर.21.2 परियोजना कार्य का सतत मूल्यांकन निम्नानुसार है:

परियोजना कार्य चरण – I, का सेमेस्टर V के अंत में मूल्यांकन किया जाएगा।

परियोजना कार्य चरण – II, का सेमेस्टर VII के मध्य और अंत में मूल्यांकन किया जाएगा।

परियोजना कार्य चरण – III, का सेमेस्टर VIII में निम्नानुसार मूल्यांकन किया जाएगा:

| आंतरिक मूल्यांकन | भार | अनुसूची |
|---|---|---|
| प्रथम समीक्षा | 10% | सेमेस्टर आरंभ होने से छः सप्ताह |
| द्वितीय समीक्षा | 20% | सेमेस्टर आरंभ होने से दस सप्ताह |
| डेमो | 30% | अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आरंभ होने से पहले दो सप्ताह |

आर.21.3 अंतिम परियोजना मौखिक की 40 प्रतिशत महत्व होगी और यह भा.वि.सं./ भा.प्रौ.सं./ रा.प्रौ.सं./ भा.सू.प्रौ.सं./सरकारी अनुसंधान प्रयोगशालाओं/सरकार और सरकार द्वारा सहायता प्राप्त संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के आंतरिक/बाह्य परीक्षकों के साथ परियोजना निगरानी समिति (गाइड और विभाग प्रमुख अथवा नामिति) द्वारा ली जाएगी।

आर.21.4 बी.टेक. कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में परियोजना कार्य के लिए सामान्यतः अनुमति नवाचारी और प्रख्यात उद्योग/संस्थान से संबंधित कार्य के लिए दी जाएगी। ऐसी परियोजनाओं की निगरानी VIII सेमेस्टर तक प्रत्येक सेमेस्टर में की जाएगी। यदि इसकी प्रगति संतोषजनक रहती है तो छात्र VIII सेमेस्टर तक उसी परियोजना को जारी रख सकता है।

**आर.22 इंटर्नशिप**

आर.22.1 छात्र को छठे सेमेस्टर के दौरान किसी प्रतिष्ठित उद्योग, सरकार द्वारा प्रायोजित अनुसंधान एवं विकास संगठन में न्यूनतम पांच महीने की अवधि के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप करनी चाहिए। देश के भीतर किसी शैक्षिक संस्थान (भा.वि.सं./ भा.प्रौ.सं./ रा.प्रौ.सं./ भा.सू.प्रौ.सं./ और के.वि.पो.सं.) अथवा विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ संबद्धन की भी औद्योगिक प्रशिक्षण के स्थान पर विशेष अनुमति के साथ आपवादिक मामलों में भी अनुमति दी जाएगी।

आर.22.2 छात्रों को उद्योग, आरएंडडी संगठनों अथवा शैक्षिक संस्थानों से प्राप्त किए गए प्रमाण-पत्र के साथ मई के अंतिम सप्ताह के दौरान एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए। इंटर्नशिप में प्रदर्शन का मूल्यांकन रिपोर्ट तथा मौखिक परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। मौखिक परीक्षा के लिए परीक्षक विभाग प्रमुख तथा कार्यक्रम समन्वयक अथवा नामित होंगे।

**आर.23 छात्रवृत्ति**

वर्तमान में संस्थान कोई संस्थागत स्तर की छात्रवृत्ति प्रदान नहीं करता है। तथापि, छात्र पात्रता के अनुसार भारत सरकार/राज्य सरकार तथा अन्य से छात्रवृत्तियों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि संस्थान के स्तर पर किसी प्रतिभागी अथवा अन्य एजेंसियों द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है तो उसे छात्रों के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।

**आर.24 बी.टेक. डिग्री प्रदान करने की पात्रता**

कोई छात्र प्रौद्योगिकी स्नातक (बी.टेक.) डिग्री प्रदान करने के लिए केवल तब पात्र होगा यदिः

क) छात्र ने अध्ययन के संगत कार्यक्रम की पाठ्यचर्या में निर्दिष्ट न्यूनतम कुल क्रेडिटों की संख्या प्राप्त करते हुए अध्ययन के निर्धारित कार्यक्रम को पूरा किया हो।

ख) छात्र ने न्यूनतम 5 सीजीपीए प्राप्त किया हो।

ग) छात्र की संस्थान, पुस्तकालय, छात्रावास इत्यादि के प्रति कोई देनदारी बकाया न हो।

घ) छात्र के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित न हो।

**आर.25 बी.टेक. (ऑनर्स) डिग्री प्रदान करने की पात्रता**

छात्र प्रौद्योगिकी स्नातक (ऑनर्स) की डिग्री प्रदान करने के लिए केवल तब पात्र होगा यदिः

क) छात्र ने पहले चार सेमेस्टरों में 8 और उसके ऊपर के एसजीपीए के साथ निर्धारित अध्ययन कार्यक्रम पूरा किया हो।

ख) छात्र ने V सेमेस्टर से प्रत्येक सेमेस्टर में तीन साख के संस्थान द्वारा चार अतिरिक्त निर्धारित, मान्यता प्राप्त और अनुमोदित खुले वैकल्पिक (एनपीटीईएल/स्वयं/एमओओसी) पूरे किए हों।

ग) छात्र ने सेमेस्टर V से VIII तक 8.5 और उसके ऊपर का एसजीपीए प्राप्त किया हो।

घ) छात्र ने सभी सेमेस्टरों में 8.5 और उसके ऊपर का समग्र सीजीपीए अंक प्राप्त किया हो।

ङ) छात्र की कोई बैकलॉग न हो और कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित न हो।

च) बी.टेक. (ऑनर्स) के लिए पंजीकृत छात्र परंतु जो (क) और (ङ) को पूरा करने में विफल रहा हो, उसे खंड आर.24 को संतोषजनक तरीके से पूरा करने के पश्चात बी.टेक. विषय की डिग्री प्रदान की जाएगी।

**आर.26 संशोधन का अधिकार**

उपरोक्त कथित सभी बातों में किसी बात के होते हुए भी सीनेट के पास बाद की किसी तारीख पर संज्ञान में लाए गए किसी संशोधन को अनुमोदित करने का अधिकार होगा।

**आर.27 कानूनी चुनौती**

नियमों और विनियमों में उल्लिखित किसी खंड/प्रावधान को यदि ऊना के न्याय क्षेत्र के अधीन विधि न्यायालय में चुनौती दी जाती है तो न्यायालय का निर्णय बाध्यकारी होगा।

[फा. सं. 52-2/2017- त.शि.I]

सुखबीर सिंह संधू, अपर सचिव (त.शि.)

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 23rd October, 2019

**S.O. 3815(E).—**In exercise of the powers conferred by section 33 read with section 34 (1) (2) and (3) of the Indian Institutes of Information Technology (Public-Private Partnership) Act, 2017 (23 of 2017), the Senate with the approval of the Board of Governors, make the following Ordinances of Indian Institute of Information Technology, Una.

**Contents**

ORDINANCES..... 186

REGULATIONS ..... 186

R. 1 Duration of Program 186

R. 2 Admission 187

R. 3 Fee Structure 187

R. 4 Structure of Program 187

R. 5 Course Plan 188

R. 6 Faculty Mentor 188

R. 7 Class Committee 188

R. 8 Enrolment and Registration 188

R. 9 Course Add/Drop 189

R. 10 Minimum and Maximum Duration of Program 189

R. 11 Flexibility in Credit Registration 189

R. 12 Temporary Break of Study 189

R. 13 Discipline 189

| | | |
|---|---|---|
| R. 14 | Attendance | 190 |
| R. 15 | Assessment Procedure | 190 |
| R. 16 | Grading System | 190 |
| R. 17 | Performance Analysis Committee | 191 |
| R. 18 | Transparency in Assessment | 191 |
| R. 19 | Absentee Assessment | 191 |
| R. 20 | Grade Cards | 192 |
| R. 21 | Project Work | 192 |
| R. 22 | Internship | 193 |
| R. 23 | Scholarships | 193 |
| R. 24 | Eligibility for Award of Degree | 193 |
| R. 25 | Eligibility for Award of B.Tech. (Honors) Degree | 193 |
| R. 26 | Power to Modify | 193 |
| R. 27 | Legal Challenge | 193 |


ORDINANCES AND REGULATIONS

1. **Bachelor of Technology (B. Tech.)**
2. **Bachelor of Technology (Honors) (B.Tech. (Honors))**

**ORDINANCES**

O. 1 Each academic session is divided into two regular semesters and two vacation semesters (Winter and Summer) and follows a Senate approved schedule of academic activities.

O. 2 Admission to B.Tech. Degree program will be made from the qualified candidates of Joint Entrance Examination (Mains) (JEE (Mains)) through Central Seat Allocation Board (CSAB) and Joint Seat Allocation Authority (JoSAA).

O. 3 Admission to a particular branch of study shall be as decided by JoSAA.

O. 4 The duration of the B.Tech./B.Tech.(Honors) program will be minimum 8 semesters and maximum 12 semesters.

